>

Title: Damage caused due to cloud burst in Uttarakhand.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): सभापति जी, मैं दस तारीख को जन्माष्टमी के दिन उत्तरकाशी में था। आपके सामने मुझे ज्यादा बताने की आवश्यकता नहीं है कि वहां कितना विनाश हुआ है, क्योंकि आप भी उसी राज्य के हैं और हरीश जी भी उसी राज्य से आते हैं। उत्तराखंड में बादल फटने के कारण जो बाढ़ आई, उससे काफी विनाश हुआ है। वहां 18 पुल टूट गए हैं, कुल मिलाकर सात गांव पूरी तरह से कट गए हैं और 70 गांवों का सम्बन्ध टूट गया है। भटवाड़ी ब्लाक मुख्यालय से कट गया है। नगरपालिका का भवन तक बह गया है और अनेक होटल्स वहां पर बह गए हैं। वहां जाने पर जो पता चला, मेरा ऐसा अनुमान है कि सैंकड़ों की संख्या में लोग हताहत हुए होंगे, हालांकि अभी संख्या 28 के करीब मानी जा रही है। कहने का मतलब यह है कि नुकसान काफी हुआ है। असी गंगा में तीन जल विद्युत परियोजनाएं नष्ट हो गई हैं और गंगोत्री का यात्रा मार्ग भी भंग हो गया है। मेरा यह कहना है कि वहां एक तो राहत कार्य तीव्रता से कराए जाएं, ठीक से उनका आंकलन किया जाए। जो अनुमान कहा गया है वहां के माननीय मुख्य मंत्री द्वारा, मैं बहुत विनम्रता से कहना चाहता हूं कि उन्होंने जाकर सलाह दी है कि भजन-कीर्तन कीजिए। यह संवेदनशीलता का अच्छा उदाहरण नहीं है। मेरा कहना यह है कि पुलों का तेजी से निर्माण किया जाए। अगले तीन महीने में जो यात्रा शुरू होने वाली है, उसके आधार पर वहां की सारी आर्थिक व्यवस्थाएं चलती हैं इसलिए यदि यह यात्रा ठीक से नहीं चली तो अगले तीन महीने में वहां के लोगों की कमाई नहीं होगी और वे परेशानी में आएंगे। अतः वहां पुलों को ठीक से बनाने के साथ ही यात्रा मार्ग ठीक किया जाए तथा राहत सामग्री तत्काल वहां पहुंचाई जाए।

सभापति महोदय : श्री राजेन्द्र अग्रवाल ने जो विषय उठाया है, उससे श्री अशोक अर्गल अपने आपको सम्बद्ध करते हैं।

The House stands adjourned till 11 A.M. on Tuesday, the 21st August, 2012.

18.19 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on

Tuesday, August 21, 2012/Sravana 30, 1934 (Saka).

---

* Due to continuous interruptions in the House Starred questions could not be taken up for oral answers. Therefore, these Starred questions were treated as Unstarred questions.

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded

*At 14.15 hours quorum bell was rung. No quorum was made. At 1418 hours quorum bell was rung again and no quorum was made. At 1421 hours once again quorum bell was rung and no quorum was made. Thereafter, the Secretary-General informed the members present as follows:

"There is no quorum. So, the House cannot meet; and we cannot start the House till there is a quorum. Hon. Speaker has directed that the House will re-assemble at forty-five minutes past Fourteen of the Clock. "

* .*Expunged as ordered by the Chair*

* *Expunged as ordered by the Chair*